# पांढुर्णा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## भाजपा सरकार पर लगाया जुआ-सट्टा, शराब जैसे अवैध धंधों को संरक्षण देने का आरोप, की कार्रवाई की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सत्ता के संरक्षण से पांढुर्ना जिले में अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं, जिसके चलते सम्पूर्ण जिले में अपराध बेलगाम है। कानून व्यवस्था ठप हो चुकी और अपराधियों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है। अनैतिक गतिविधियों व बढ़ते अपराध के खिलाफ आज पांढुर्ना जिला कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर सरकार के खिलाफ हुंकार भरी और प्रशासनिक अधिकारियों को उनकी नैतिक जिम्मेदारियों से अवगत कराया। पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को अपनी प्रमुख मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया।

जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना ने अपने प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्तमान में पांढुर्ना जिला व महाराष्ट्र की सीमा पर खुलेआम जुआ खिलाया जा रहा है। इसकी चर्चा आम हो चुकी है किन्तु पुलिस और प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे साफ तौर पर यह प्रतीत हो रहा है कि पांढुर्ना जिले में जुआ, सट्टा व शराब सहित अन्य अवैध कारोबार को सत्ताधारी दल के द्वारा संरक्षण प्राप्त है।

सत्ताधारी दल के प्रभाव के चलते पुलिस व प्रशासनिक अमला असहाय नजर आ रहा है या फिर सत्तादल के दबाव के कारण पुलिस अवैध कारोबार को रोकने कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा। सत्ता के दबाव के चलते पुलिस व प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। ऐसे में अपराध लगातार बढ़ते जा रहा है इससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है।



ज्ञापन प्रस्तुत करते हुये कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं करना यह दर्शा रहा है कि सम्पूर्ण अवैध कारोबार सत्ताधारी दल के संरक्षण में चल रहा है और पुलिस असहाय हो चुकी है। कांग्रेस ने मांग की है कि अविलम्ब अवैध कारोबार को रोकने ठोस कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, पांढुर्ना विधायक निलेश उइके, बंटी ठाकुर, ओम पटेल, श्रीकांत महाजन सहित कांग्रेस के समस्त मोर्चा, संगठन, विभाग व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना के धनुष लॉन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना का एक वृहद्ध कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया साथ ही कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने उनका मार्गदर्शन भी किया। भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ किये जाने वाले आंदोलन व धरना-प्रदर्शन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

# मारपीट के जुर्म में महिला को तीन साल का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी छिंदवाडा मेहताब सिंह बघेल के द्वारा थाना देहात की ओर से मारपीट के मामले में पेश प्रकरण में आरोपियां नेहा पति अरूण सिंह निवासी फारेस्ट कॉलोनी खजरी छिन्दवाडा को तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

प्रार्थिया आरोपिया नेहा के मकान मे उसके साथ रहकर उसके बच्चों की देखरेख करने का काम करती थी। घटना दिनांक 15 फरवरी 22 को प्रार्थिया किसी काम से घर से बाहर गयी थी आरोपी को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसने प्रार्थिया के साथ लोहे की संसी से इस बात को लेकर मारपीट की कि तुम बच्चों को अकेला छोड़कर घर से बाहर क्यों गयी थी। प्रार्थिया के द्वारा मारपीट करने से प्रार्थिया को चोट लगी और उसे अस्थी भंग हुआ।

प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के विरूद्ध थाना देहात में अपराध दर्ज कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां न्यायालय के द्वारा विचारण के दौरान आयी साक्ष्य तथा अभियोजन तथा बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के पश्चात् आरोपियां को मारपीट का दोषी पाते हुये भादवि की धारा 325 में 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं धारा 506 भाग 2 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास तथा कुल एक हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी छिंदवाड़ अभयदीप सिंह ठाकुर के द्वारा पैरवी की गई।

# ग्राम केवलारी में जारी है अवैध मुरम का उत्खनन, प्रशासन मौन



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाले ग्राम केवलारी में ग्राम पंचायत कार्यालय के पीछे बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मुरम उत्खनन का कार्य निरंतर जारी है। सुबह-सुबह प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर के माध्यम से इस मुरम को खोदकर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवहन किया जा रहा है।

जहां एक और शासकीय भूमि का दोहन किया जा रहा वही दूसरी ओर ऊंचे-ऊचे पहाड़नुमा टीले को खोद कर धाराशाई किया जा रहा है। एवं अवैध रूप से मुरम का उत्खनन कर क्षेत्र मे ट्रैक्टर के माध्यम सप्लाई किया जा रहा है जिसकी वजह से शासन को कही नी कहीं लाखों रुपए का चूना भी लगाया जा रहा है। कई दिनों से निरंतर जारी अवैध रूप से उत्खनन की जानकारी प्रशासन को भी है लेकिन राजस्व विभाग और खनिज विभाग दोनों विभाग के जिम्मेदार आंखें बंद कर तमाशाबीन बने बैठे है एवं इस खुले आम होते उत्खन पर करवाई करने से कतरा रहे हैं जिसकी वजह से इन उत्खनन माफ़ियाओ के हौसले बुलंद है।

## सार-समाचार

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अमरवाड़ा न्यायालय के न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति अमरवाड़ा राकेश सोनी उपस्थित हुए। जिसमें विगत 6 नवंबर को विद्यालय में आयोजित विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता एक संवैधानिक अधिकार ह विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें प्रथम स्थान पर कु. शिवानी अहिरवार, द्वितीय हिमांशु यादव एवं तृतीय स्थान पर कु. अभिलाष वर्मा आए। उक्त सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र के द्वारा न्यायाधीश महोदय के हस्ते सम्मानित किया गया।

इस दौरान न्यायाधीश श्री सोनी ने विधिक साक्षरता एवं मोटिवेशनल स्पीच देकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत बहुत सारे टिप्स भी बताए। कार्यक्रम



के अंत में स्कूल प्राचार्य की ओर से श्रीमती सविता झरिया, प्रभारी प्राचार्य द्वारा आभार प्रदर्शन और धन्यवाद किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधिक प्रभारी गजेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया ।

### युवा उत्सव के अंतर्गत शासकीय पेंचवेली महाविद्यालय परासिया में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय पेंचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में 14 नवम्बर 2024 को युवा उत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय सांस्कृतिक पक्ष के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, एकांकी, मूक अभिनय, स्किट एवं मिमिक्री का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छिंदवाडा जिले के विभिन्न महाविद्यालय की टीमें हिस्सा लेगी ।

### 51 वा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में सांसद बंटी विवेक साहू की की पहल और सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किए जा रहे 51 वा स्वास्थ्य शिविर अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेजवाडा में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 283 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 271 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई।

### संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा : शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद

**छपारा, देशबन्धु।** छपारा के बैनगंगा तट पर स्थित गोल्डन टेंपल लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के तृतीय दिवस में महाराज जी ने एत्र भगवान के चौबीस अवतारों की कथा के साथ-साथ समुद्र मंथन की बहुत ही रोचक एवं सारगर्भित कथा सुनाते हुए कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न. भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब.जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब.तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं ।

समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है। मनुष्य के अच्छे और बुरे विचार ही देवता और दानव के द्वारा किया जाने वाला मंथन है। कभी हमारे अंदर अच्छे विचारों का चितन मंथन चलता रहता है और कभी हमारे ही अंदर बुरे विचारों का चितन मंथन चलता रहता । जिसके अंदर के दानव जीत गया उसका जीवन दुरूखीए परेशान और कष्ट कठिनाइयों से भरा होगा और जिसके अंदर के देवता जीत गया उसका जीवन सुखीए संतुष्ट और भगवत प्रेम से भरा हुआ होगा । इसलिए हमेशा अपने विचारों पर पैनी नज़र रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंद मय बनाना चाहिए । कथा के पूर्व काशी से पधारे पंडित शिवकेश द्विवेदी 'द्वारा पादुका पूजन मुख्य यजमान शिवकुमार शिवहरे सहपारिवार सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये भक्तों द्वारा सम्पन्न हुई। कथा सुनने के लिए आस पास के लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# हर्रई-अमरवाड़ा मार्ग पर सघन वाहन चैकिंग



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज अमरवाड़ा-हर्रई मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई।

इस दौरान सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि अमरवाड़ा-हर्रई मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 16 वाहनों पर 38500 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।


खबर है कि बड़े वाहन बस मालिकों पर भी हो सकती है बड़ी जांच कार्यवाही जिसको लेकर कार्ययोजना बनाई जा रही है।

बताया जाता है कि त्यौहार आदि के समय एरोप्लेन और ट्रेन की तर्ज पर महंगा किराया वसूला जाता है जिससे यात्री परेशान है, ऐसे वाहनों के खिलाफ भी परमिट की जांच करने के उपरांत बड़ी कार्यवाही की जा सकती है।

# पानी टंकी बन गई, पाइप लाइन नहीं डली

## पालाचौरई एवं अम्बाड़ा में ओवरहेड पानी की टंकी बनी शोभा की सुपारी

**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** मंधान डेम से पेंच नदी के जल को पाइपलाइन के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्मित ओवरहेड पानी की टंकी तक पहुंचाया जाना है एवं इस पानी को पाईपलाइन के माध्यम से घरों घर नल लगाकर पेयजल पहुंचाया जाना है लेकिन पी.एच.ई. विभाग व ठेकेदार की लापरवाही व ढ़िलाई की वजह से इस योजना के माध्यम से घरो घर पहुंचने वाले पेयजल से ग्राम पंचायत पालाचौरई एवं ग्राम पंचायत अंबाड़ा के ग्रामीणजन वंचित होते नजर आ रहे है।



गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंधान डेम से घरों घर तक नल लगाने व पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत पालाचौरई में लगभग साढे चार लाख लीटर पेयजल एकत्रित करने के लिए ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण कराया गया एवं इस टंकी से पंचायत क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों के घरों घर तक नल लगाने व पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पाइपलाइन का विस्तार कार्य कराया जाना है, लेकिन पीएचई विभाग व ठेकेदार की लापरवाही से अभी तक पंचायत क्षेत्र में पाइपलाइन का विस्तार कार्य नहीं हो पाया जिसकी वजह से पालाचौरई पंचायत क्षेत्र में निवासरत लगभग 8 से 9 हजार नागरिकों को इस योजना के माध्यम से मिलने वाले पानी से वंचित होना पड़ रहा है।

इसके अलावा ग्राम पंचायत अंबाड़ा क्षेत्र में भी लगभग 13 लाख लीटर पानी को संरक्षित करने के लिए ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया लेकिन घरों घर नल लगाने के लिए पाइपलाइन का विस्तार कार्य नही किया गया जिसकी वजह से इस ग्रीष्म ऋतु में घरो घर तक पानी नहीं पहुंच पाया जिसकी वजह से अंबाड़ा पंचायत क्षेत्र में निवासरत लगभग साढ़े छ: हजार ग्रामीणों को इस योजना से मिलने वाले लाभ से वंचित होना पड़ रहा है।

# स्वास्थ्य शिविर में 273 मरीजों का पंजीयन, 254 को मिली दवाइयां

## 19 को रेफर किया

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** सौ दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में सांसद श्री बंटी विवेक साहू की की पहल और सामाजिक संगठनों के सहयोग से बड़ी उपलब्धि हासिल की हे आयोजित किए जा रहे सेवा के लगातार 50 दिन 50 स्वास्थ्य स्वास्थ्य शिविर रविवार को जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिछेड़ा में सम्पन्न हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 273 मरीजो ने पंजीयन कराया जिसमें 254 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित की गई। जांच में पाये गये 19 गंभीर मरीजो को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नत्थन शाह, रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष नवनीत जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य शिविर आज सेजवाड़ा में**- अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेजवाड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा । मंडल के अध्यक्ष राजेश डेहरिया ने क्षेत्र के लोगों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जांच कराकर इलाज कराने की अपील की है।

# वरिष्ठ नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन छिंदवाड़ा के अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि 11 नवम्बर 2024 को मध्यप्रदेश के सभी जिलों में पेंशनरों की लंबित मॉगो को लेकर बैठक, रैली, धरना एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया, इसमें म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर समाज छिंदवाड़ा एवं अभियंता संघ छिंदवाड़ा के संयुक्त रूप से निम्न मॉगो को स्वीकृत करने का ज्ञापन सौंपा गया।

मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य पुर्नगठन अधिनियम की धारा 49/6 को विलोपित करने, केन्द्र सरकार द्वारा अपने पेंशनरों को जिस दिनांक से मॅहगाई राहत स्वीकृत की जाती है उसी दिनांक से म.प्र. के पेंशनरों को भी मॅहगाई राहत दी जावे, म.प्र. सरकार ने 4 प्रतिशत मॅहगाई भत्ता माह अक्टूबर से देने का आदेश पारित किया है जबकि केन्द्र सरकार एवं मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को जनवरी 2024 से मॅहगाई राहत स्वीकृत की गई है इसके अनुरूप पेंशनरों को भी 10 माह का एरियर्स भुगतान किया जावे। इसी प्रकार 6 वें वेतनमान का लंबित 32 माह का एरियर्स एवं 7 वें वेतनमान का 27 माह का एरियर्स शीघ्र भुगतान करने, केन्द्र सरकार द्वारा अपने पेंशनरों को 53 प्रतिशत मॅहगाई राहत दी जा रही है। अत: म.प्र. के पेंशनरों को भी 53 प्रतिशत मॅहगाई राहत स्वीकृत की जावे। पेंशनरों को 62 वर्ष पूर्ण करने पर स्वास्थ्य आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाये। पेंशन एवं ब्याज की राशि आयकर मुक्त रखी जावे, वरिष्ठ नागरिकों को रेल



किराये में छूट का प्रावधान पुन: लागू किया जावे। उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनरों को एक वैकल्पिक वेतन वृद्धि का लाभ सेवानिवृत्त दिनांक से एरियर के भुगतान सहित करने के आदेशों का पालन किया जावे। शासन से अनुरोध किया गया है कि यदि हमारी मॉगो को नहीं माना गया तो माह दिसंबर में उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर के.पी. सेंगर, बी.एन. विश्वकर्मा, बी.एल. सदाफ्ल, जागेश्वर ढोमने, शिवनंदन खुदरेजिया, गोधन पवार, रविन्द्र सिंह कुशवाह, अभियंता संघ के अध्यक्ष।

# प्राचार्य डॉ. अस्मिता मुंजे ने संभाला कार्यभार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में डॉ अस्मिता मुंजे ने प्राचार्य पद ग्रहण कर कार्यभार संभाला एवं कार्ययोजना बनाकर गतिविधियों को बेहतर संचालन पर बल दिया।

पूर्व प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के सेवा निवृत्त होने के बाद डॉ. अस्मिता मुंजे ने सोमवार को प्राचार्य पद ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इस अवसर पर कार्यालय स्टॉप, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं जनभागीदारी एवं महाविद्यालय परिवार ने प्राचार्य से भेंट कर शुभकामनाएं दी।

बता दें कि कन्या महाविद्यालय में डॉ. श्रीमती कामना वर्मा प्राचार्य के बाद अजरा एजाज को कार्यभार सौपा गया था अब उनके सेवानिवृत्ति के उपरांत डॉ. मुंजे को कार्यभार सौपा गया है। शासन ने प्रभारी प्राचार्यो के माध्यम से काम चलाने का कार्य कर रही है प्राचार्यो की कमी होने के कारण ऐसा किया जा रहा है की जानकारी मिली है। इसके पूर्व मूल पद पर प्राचार्य अपनी सेवाऐं दे चुके है लेकिन शासन हर विभाग में अब प्रभारियों से ही कार्य चलाने की नीति अपनाई है जिससे व्यवस्था चौपट हो रही है।



# समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश



## अपर कलेक्टर ने की गहन समीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर के.सी.बोपचे ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई।

उन्होंने विभागवार विस्तृत चर्चा करते हुए समय सीमा में लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों का विश्लेषण किया गया। अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि समय सीमा के भीतर सभी शिकायतों और मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग समय-सीमा में अपेक्षित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में एस.डी.एम. सुधीर कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त सी.ई.ओ. जिला पंचायत पी. राजोदिया, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एस.डी.एम., तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, सी.एम.ओ. सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**छाया- शेख अल्फाज**



# महाकाली उत्सव के जगराता में नाचे श्रद्धालु

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री श्री महाकाली माता मंदिर जाटाछापर परासिया में विशाल देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गरिमा दामोदर, विधानसभा परासिया प्रभारी ज्योति डेहरिया, सलाहकार समिति के अध्यक्ष भरत घई, छिंदवाड़ा पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू के परिवार के सभी सदस्यगण नवीन साहू एवं उनकी धर्मपत्नी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जगराता में विशेष प्रस्तुति सनी अलबेला उज्जैन के द्वारा महाकाल सरकार पर श्रद्धालुओं ने जमकर नाचा, वहीं राजू परदेशी, पूनम त्रिपाठी ने भक्ति गीतों का समा बांधा। कार्यक्रम के आयोजक ओम प्रकाश दुबे, किरण शर्मा, सन्जू महाराज, मन्जू महाराज, रक्कू महाराज द्वारा बताया गया कि विशाल देवी जगराता के पश्चात 14 नवंबर को भंडारा एवं 15 नंबबर को विसर्जन का चल समारोह निकला जायेगा।

**सार समाचार**

## रोप स्कोपिंग प्रतियोगिता में दस बालिकाओं और पांच बालकों ने लिया भाग



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 17वीं राज्य स्तरीय रोप स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन 10 नवंबर 2024 को भोपाल के सुभाष उत्कृष विद्यालय भोपाल में किया गया, जिसमें जिसमें छिंदवाड़ा जिले के 10 बालिका एवं 5 बालक खिलाड़ियों ने अपने अपने आयु वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लिया।

जिला रोप स्किपिंग एसोसिएशन के सचिव इमाम बख्श सौदागर ने जानकारी देते हुए बताया कि बालक वर्ग में तेजस भारद्वाज, मोहम्मद जैश कुरैशी, शौर्य यादव, विजेंद्र यादव, अनिरुद्ध सोनी एवं बालिका वर्ग में अनामिका राकेश, नेत्रा डहरिया, अरायना खान, सलोनी यादव, पूर्वी बरमैया, वेदिका उपाध्याय, ऋषिका लहरिया, इशिका सोनी, प्रज्ञा गुप्ता, वैष्णवी बैस ने छिंदवाड़ा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने अपने आयु वर्ग में जीत दर्ज करते हुए जिले की टीम को तीसरे स्थान दिलवाया।

सचिव इमाम बख्श सौदागर ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अब मैडल प्राप्त खिलाड़ी पंचकुला चंडीगढ़ में 12 से 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और साथ ही इंडो अफ्रीका इंटरनेशनल रोप स्किपिंग प्रतियोगिता 15 दिसंबर को आयोजित होगी जिसमें अपनी जगह भारतीय टीम में बनायेंगे।

## सरपंच-सचिव संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मोहखेड़, देशबन्धु।** सरपंच संघ एवं सचिव संघ व रोजगार सहायक के संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में जनपद पंचायत मोहखेड़ के अधिकारी को मुख्य आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के



नाम ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य 108 हेल्पलाइन नंबर पर जो शिकायत की जाती है वहां ग्राम के व्यक्ति के द्वारा की गई शिकायत का निराकरण ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंच द्वारा किया जाएगा परंतु अन्य गांव के व्यक्ति द्वारा झूठी शिकायत जो की जाती है उसका निराकरण के लिए जनपद पंचायत दबाव नहीं बनाएगी, एवं जनपद पंचायत मोहखेड़ में अधिकारियों द्वारा जो जांच होती है उस जांच को गोपनीय ना रखते हुए सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दी जाती है इसके विरोध एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जनपद पंचायत को ज्ञापन सोपा गया।

इसी कार्यकम में जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष परसराम वर्मा, मोहखेड़ ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष संतोष कड़वे, ब्लॉक सरपंच प्रभारी यशवंत बेलवंशी, सचिव सरपंच शबनम फैयाज खान, संगीता सतीश गिरहारे, ममता सुदामा डोबले, सचिव संघ के अध्यक्ष दयाराम कोडले, मदन राउत, सुरेश कोडले, राजेंद्र चोरे, संदीप सरेठा, गजानन पवार, रघुनाथ बिसेन, धनराज गौतम, अनिता रेहडवे, वदना पवार, प्रताप बुनकर, कमलेश पवार, संयुक्त मोर्चा की उपस्थिति में ज्ञापन सौपा जायेगा जिसमें सभी सरपंच साथी एवं सचिव साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# अवैध रूप से संचालित पैथालॉजी लैब किया सील

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के जांच दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पैथलाजी लैब और अवैध रूप से चलाए जा रहे कलेक्शन सेंटर को साली कर दिया। शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जांच दल द्वारा सोमवार को हेल्थ केयर पैथलाजी लैब नरसिंहपुर रोड में औचक निरीक्षण किया गया। यह पैथलाजी लैब अवैध रूप से संचालित हो रहा था। पूर्व में भी इस पैथलाजी लैब का संचालन पैथलाजिस्ट की अनुपस्थिति में अप्रिक्षित लैब टैक्नीशिय द्वारा किया जा रहा था। इस बारे में लगतार शिकायत मिल रही थी, फिर भी पैथलाजी लैब संचालक ने व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया।



जिसके बाद सोमवार को जांच दल द्वारा पैथलाजी लैब को सील कर दिया गया। सोनारे हास्पिटल के चर्तुथ तल में कलेक्शन सेंटर के नाम से अवैध रूप से संचालित केयर पैथलाजी लैब की भी टीम के द्वारा सील किया गया।


# पितृ सत्तात्मक सोच है बेटियों से भेदभाव के लिए जिम्मेदार : श्यामल राव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन द्वारा संचालित समेकित बाल संरक्षण के अंनर्तगत लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वाधान मे स्थानीय शासकीय महाविद्यालय बिछुआ मे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन में विकासखंड समन्वयक दीपक गेडाम, सुनील चौरागड़े, मानव जल कल्याण समिति के सचिव मनोज जैन की उपस्थिति सी.एम.सी., एल.डी.पी. में अध्ययनरत बी.एस.डब्ल्यू., एम.एस.डब्ल्यू. के छात्रो को जानकारी देते हुए परामर्श दाता श्यामलराव ने कहा की हमारे देश के विभिन्न समुदायों मे सशक्त सामाजिक तथा सांस्कृतिक पूर्वाग्रहण् पुत्र के प्रति वरीयता ओर बेटियों के प्रति भेदभाव इस समस्या की मूल जड़ है दहेज के सामाजिक मानक पितृसत्तात्मक सोच होना, लिंग आधारित भेदभाव।



इस समस्या के मुख्य कारण है। अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारण की सहज उपलब्धता ने इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया है जिसकी वजह से आज हमें लिंगानुपात मे विषमता नजर आ रही है, समाज में बढ़ रहे लिंगभेद को देखते हुए शासन द्वारा बालिकाओं को संरक्षण के साथ विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उनकी शिक्षा व विवाह हेतु राशि उपलब्ध कराने प्रोत्साहीत करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कौशल उन्ययन कार्य, बाल विवाह रोकने हेतु लाड़ो अभियान का क्रियान्वयन करने के लिये प्रचार प्रसार करने के लिए उपस्थित छात्रो को दी गई वहीं विभागीय योजनाओं के पांम्पलेट भी अध्ययन करने दिया गया। जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम ने कहा की शासन की इस योजना को क्रियान्वयन करने मे उक्त छात्र विकास खंड के विभिन्न ग्रामो के घर-घर महिला एवं बाल विकास की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देंगे। इस अवसर पर मेंटर रामराज्य वर्मा, लक्ष्मीधर माहोरे, जमुना चौरिया, योगेश बोपटे सहित छात्र उपस्थित थे।

# जिला पंचायत परिसर से गांधीजी की प्रतिमा दूसरी जगह होगी स्थापित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला पंचायत एवं सामाजिक न्याय कार्यालय के परिसर में लम्बे समय से स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा है जहां प्रतिवर्ष न केवल 2 अक्टूबर को गांधीजी की प्रतिमा में माल्यार्पण कार्यक्रम जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया जाता है अपितु 26 जनवरी और 15 अगस्त को उसी स्थान पर ध्वजारोहण किया जाता था। अब गांधीजी की प्रतिमा का स्थापनांतरण उस स्थान से परिवर्तित करते हुए सामाजिक न्याय कार्यालय के पास किया जा रहा है जिसके लिए चबूतरा बनाने की तैयारी जोरशोर से जारी है।

प्रतिमा लम्बे समय से लगी है लेकिन उसका स्थानांतरण क्यों किया जा रहा है इस संबंध में कोई जानकारी देने के लिए कोई सक्षम अधिकारी उपस्थित नहीं था इसलिए कारण अज्ञात है लेकिन गांधीजी की प्रतिमा का स्थानांतरण किया जाना लगभग तय हो चुका है जो चित्र से परिलक्षित हो रहा है। प्रथम चित्र में स्थापित गांधीजी की प्रतिमा स्थापित दिखाई दे रही है तो वहीं दूसरे चित्र में नवीन स्थान पर स्थापित होने जा रही गांधी प्रतिमा के लिए चबूतरा तैयार किया जा रहा है।



आज देव उठनी ग्यारस यानि तुलसी विवाह है इसके लिए शहर में जगह-जगह गन्ने की दुकानें लगाई गई हैं



# प्रकरण वापस लेने विधायक ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छठ पूजा के दौरान न्यूटन पेंच नदी का गेट खोलने को लेकर पिछले दिनों कांग्रेस विधायक सोहन बाल्मिक के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने परासिया के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद परासिया पुलिस ने विधायक समेत 40 लोगों के खिलाफ धारा 126-2 और गैर कानूनी जमावड़े के लिए 189 -2 बी.एन.एस. का प्रकरण कायम किया था।

उसी के विरोध में आज न्यूटन नगर परिषद अध्यक्ष के साथ विधायक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने ऊपर की गई कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराया और कहा कि भाजपा सरकार हिंदुओं को त्योहार नहीं मनाने दे रही है। इस दौरान एस.पी. से उनकी बातचीत हुई तो एस.पी. मनीष खत्री ने उनसे दो टूक शब्दों में कहा कि सड़क जाम करना गैरकानूनी है, किसी का अधिकार सड़क जाम कर नहीं छीन सकते।

### यह था मामला

बता दें कि बीते 6 नवंबर को छठ पूजा के लिए कांग्रेस ने बांध के गेट खोलने के लिए न्यूटन में चक्काजाम किया था। इसकी अगुवाई विधायक सोहन वाल्मीकि ने की थी, इस प्रदर्शन के दौरान लगभग एक घंटे तक यातायात अवरुद्ध रहा था। एस.डी.एम. के आश्वासन पर चकाजाम खत्म हुआ था। इसको लेकर अनावश्यक रूप से सड़क पर आवागमन रोकने और गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

न्यूटन नगर परिषद की अध्यक्ष को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने विधायक और अन्य लोगों के खिलाफ धारा 126-2 और गैर कानूनी जमावडे के लिए 189 - 2 बी.एन.एस. का प्रकरण कायम किया है।

# मोहखेड़ पुलिस थाने में लगी एलईडी टीवी

**मोहखेड़, देशबन्धु।** पुलिस को देश-प्रदेश विदेश की खबरों से अपडेट करने और 24 घंटे काम के दबाव में टेंशन मुक्त रहने के लिए उनके मनोरंजन के लिए पुलिस विभाग द्वारा अब पुलिस थाने में एल ई डी टीवी लगाई गई है।

मोहखेड़ टी आई कोमल सिंह रघुवंशी ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन से मोहखेड़ थाने में एल ई डी टीवी लगाई गई है जिससे पूरा पुलिस स्टॉप खुश है काम के साथ अब टेंशन फ्री मनोरंजन भी कर सकेंगे और घटनाक्रम की जानकारी भी तुरंत मिलती रहेगी।

